राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/1355/2022 दिनांकः– 20 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य
राजकीय/अशासकीय/स्ववित्त पोषित सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय :प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड प्लेटफोर्म के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तुतीकरण बैठक में प्रतिभाग करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उक्त प्रस्तुतीकरण बैठक में समस्त सम्बन्धितों की प्रतिभागिता हेतु वीडियो कान्फ्रेसिंग लिंक E-mail के माध्यम से पृथक से उपलब्ध कराया जायेगा।

अवगत ही है किय यूपीडेस्को द्वारा अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन की उपस्थिति में दिनांक 06.01.2022 को मै0 इन्फोसिस लि0 के साथ उनके स्प्रिंगबोर्ड प्लेटफार्म के उपयोग हेतु अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। उक्त अनुबन्ध के क्रम में पायलट के रूप में सर्वप्रथम दस जनपदों के चयनित शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है तथा अनुबन्धानुसार समस्त शिक्षण संस्थानों में रोलआउट की प्रक्रिया शीघ्रतशीघ्र सम्पादित की जानी है।

उक्त के क्रम में योजनान्तर्गत आच्छादित प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में स्प्रिंगबोर्ड प्लेटफार्म के उपयोग हेतु दिनांक 28.10.2022 को अपरान्ह 04:00 बजे से 05:30बजे तक मै0 इन्फोसिस लि0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड प्लेटफोर्म का प्रस्तुतीकरण सम्पन्न किया जाना निर्धारित किया गया है। उक्त प्रस्तुतीकरण बैठक में विभागों, यूनीवर्सिटीज, जनपदों एवं समस्त शिक्षण संस्थानों के स्तर के नोडल अधिकारियों की प्रतिभागिता आवश्यक है। नोडल संस्था के रूप में यूपीडेस्को स्तर से भी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उक्त प्रतुतीकरण बैठक में प्रतिभाग किया जायेगा।

अतः राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों के डिजीशक्ति नोडल अधिकारियों को एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार उपलब्ध कराये जाने वाले लिंक के माध्यम से उक्तानुसार इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड प्लेटफार्म के प्रस्तुतीकरण हेतु दिनांक 28.10.2022 को अपरान्ह 4:00 बजे से उक्त बैठक में ऑन लाइन वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

20.10.2022

प्रो0(डॉ०) एस0के0 रावत
नोडल अधिकारी,
डिजीशक्ति (टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण)योजना
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 डेवलपमेण्ट सिस्टम कारपोरेशन लि0, उ0प्र0 सरकार, लखनऊ।
4. Mr. Kiran NG, Program Manager Springboard, Infosys Ltd.

Scanned by CamScanner